समाचार

# लू से बचाव व सुरक्षा, प्याऊ कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## (आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने सभी जोन कमिश्नरों को तत्काल व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश)

कोरबा 23 अप्रैल 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर आज निगम द्वारा संचालित अस्थायी प्याऊघरों के कर्मचारियों व अन्य संबंधितों को आमनागरिकों को लू से बचाव व सुरक्षा तथा इस स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले एहतियाती कदमों के संबंध में पुराने बस स्टैण्ड स्थित गीतांजलि भवन सभागार में सघन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के सभी जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि वे जनसमुदाय को लू से बचाव, सुरक्षा व उपायों के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित कराएं।

राज्य सरकार द्वारा बढ़ती गर्मी व तापमान में वृद्धि को देखते हुए जनसमुदाय को संभावित लू के प्रकोप से बचाव एवं इससे होने वाली क्षति को कम करने, रोकने हेतु उठाए जाने वाले कदमों एवं किए जाने वाले कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित कराएं। इसी कड़ी में उन्होने नगर निगम कोरबा क्षेत्र के सभी 08 जोन में निगम द्वारा संचालित अस्थायी प्याऊघरों में तैनात कर्मियों व निगम के मैदानी कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश भी दिए थे। आज गीतांजलि भवन सभागार में इन कर्मचारियों को कार्य का सघन प्रशिक्षण डॉक्टर सिदि्दकी एवं डॉ.रोशनी के द्वारा दिया गया। इस मौके पर उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, गोयल सिंह विमल आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए कि यदि कोई ऐसा व्यक्ति नजर आता है, जिसे लू लगने की संभावना बन रही है, गर्मी के कारण चक्कर आ रहा है, अधिक प्यास व बेचैनी लग रही है, तो उसे तत्काल नजदीक के छाया स्थल पर ले जाएं, ओ.आर.एस. का घोल पिलाये, विशेषकर बुजुर्ग, गर्भवती माताओं व बच्चों का विशेष ध्यान रखें, यदि स्थिति अधिक गंभीर दिखती है तो उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भिजवाने में सहयोग करें। प्याऊघरों में शीतल व शुद्ध पेयजल रखें, साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें, डॉक्टरों ने बताया कि ओ.आर.एस. घोल घर में भी बनाया जा सकता है, इसके लिए एक गिलास पानी में एक

चम्मच शक्कर, एक चुटकी नमक व नीबू रस को उपयोग में लाएं। प्रशिक्षक डॉक्टरों ने लू से बचाव व सुरक्षा के संबंध में विभिन्न एहतियाती कदमों व उपायों के संबंध में भी कर्मचारियों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

**आमजन से सतर्कता की अपील**— आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों एवं अधिकारियों को लू से बचाव व सुरक्षा संबंधी उपाय तत्काल करने के निर्देश देने के साथ ही आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ रही है, अतः वे संभावित लू से बचने के लिए सतर्कता बरतें। दोपहर के समय अनिवार्य होने पर ही घर से बाहर निकले, घर से बाहर निकलने में आवश्यक एहतियाती उपायों को अपनाए, सड़कों के किनारे बने हुए बस स्टाप शेड तथा अन्य छायादार स्थलों का उपयोग करें, लू की संभावना पर ओ.आर.एस. के घोल को उपयोग में लाए एवं नजदीकी अस्पताल में पहुंचकर डॉक्टर की सलाह लें।